CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 08 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 24 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## भाजपा नेता की आत्महत्या के मामले में दो गिरफ्तार, ब्याज और जमीन विवाद बना कारण





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

आसींद के मारवों का खेड़ा निवासी और भाजपा नेता लादूलाल तेली की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी आत्महत्या के बाद उनके पुत्र द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। मृतक को सूदखोरों की लगातार प्रताड़ना और जमीन के विवाद से तंग आकर आत्महत्या करनी पड़ी थी।

गौरतलब है की भाजपा नेता लादूलाल तेली ने 24 मई 2025 को जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। उनका इलाज भीलवाड़ा के जिला अस्पताल में चला, लेकिन 27 मई की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र कन्हैयालाल साहू ने 14 जून को आसींद थाने में मामला दर्ज कराया। घर की सफाई के दौरान एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसे लादूलाल ने प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा था।सुसाइड नोट में उन्होंने ब्याज माफियाओं की प्रताड़ना और जमीन को लेकर चल रहे दबाव का उल्लेख करते हुए लिखा था कि उन्होंने मूलधन से 5 गुना राशि चुका दी थी, फिर भी आरोपियों ने उन्हें छोड़ा नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सूदखोरों ने उनकी पत्नी के नाम के खाली चेक और स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करवा लिए थे और अब उन्हीं चेकों के माध्यम से उन्हें धमकाया जा रहा है ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी हंसराज सिंह के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । जिसमे तेलियों का मोहल्ला, आसींद निवासी देवीलाल मेवाड़ा (60 वर्ष) पुत्र गोगाराम मेवाड़ा

एवं ब्राह्मणों की सरेरी निवासी सत्यनारायण जोशी (50 वर्ष) पुत्र जगदीश जोशी शामिल है । कार्रवाई में थानाधिकारी हंसराज सिंह

, साइबर सैल से आशीष मिश्रा , मूलसिंह, महेंद्र सिंह, मनफूल, सुरेंद्र कुमार, भानुप्रकाश, धर्मचंद और पिंटू शामिल थे। पुलिस ने आरोपी देवीलाल के कब्जे से चार चेक और एक स्टांप पेपर जब्त किए गए हैं।

### ये रहा मौत का कारण देवीलाल मेवाड़ा द्वारा दी गई आर्थिक प्रताड़ना ;

पुलिस ने बताया है की देवीलाल से वर्ष 2010 से 2016 तक लादूलाल ने उधार लिया। 2016 में ब्याज सहित 60 लाख का हिसाब तय किया गया और स्टांप पर लिखापढ़ी हुई।

इसके बाद चार हस्ताक्षरयुक्त खाली चेक देवीलाल ने लिए। जिसके बाद हर चेक में 19.50 लाख भरकर कुल ?78 लाख के चेक बैंकों में लगाए गए और बाउंस के बाद कानूनी कार्रवाई की धमकियां दी जाने लगीं , जिससे लादूलाल परेशान हो गया ।

### जमीन विवाद में सत्यनारायण जोशी की भूमिका

लादूलाल ने ब्राह्मणों की सरेरी में एसटी वर्ग की जमीन खरीदी थी, जो सरकारी बिलानाम भूमि से सटी हुई थी। इस सरकारी भूमि पर सत्यनारायण जोशी का कब्जा था। 2021 में तहसीलदार ने यह कब्जा हटवा दिया, लेकिन जोशी ने प्रताड़ना बंद नहीं की।जब भी लादूलाल जमीन बेचने की कोशिश करता, जोशी ग्राहकों को धमकाकर भगा देता और एक प्लॉट की मांग करता। जिससे भी वो परेशान हो गया ।

## पॉक्सो मामले में बंद कैदी की अस्पताल में मौत मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा पोस्टमॉर्टम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा जेल में पॉक्सो के मामले में बंद बंदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल मृतक के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। बताया जा रहा है की युवक कई दिनों से बीमार चल रहा था । महात्मा गांधी अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार आशिक (20) पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी जवाहर नगर मराठा कॉलोनी भीलवाड़ा पिछले 1 महीने से प्रताप नगर थाने में दर्ज पॉक्सो के मामले में भीलवाड़ा जेल में बंद था। शनिवार शाम को करीब 5 बजे आशिक की जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद जेल प्रशासन द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां आईसीयू वार्ड में उसका इलाज किया जा रहा था। आशिक ने सोमवार को सुबह करीब 8 बजे जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## खाद कालाबाजारी पर बड़ी सख्तीः बिजौलिया में डीएपी उर्वरक की संदिग्ध दुलाई पकड़ी गई

**नोडल सहायक कृषि अधिकारी की सतर्कता से संभावित अवैध परिवहन रोका गया, दुकान में रखवाया गया सारा माल**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राजस्थान में खाद की बढ़ती मांग के बीच कालाबाजारी और अनियमित वितरण पर सख्ती के निर्देशों के तहत सोमवार को बिजौलिया तहसील में भी डीएपी उर्वरक के संदिग्ध परिवहन का मामला सामने आया।

नोडल सहायक कृषि अधिकारी उदयलाल कोली को तहसील कार्यालय से सूचना मिली कि मालीपुरा स्थित 'श्री बीज भंडार' में डीएपी उर्वरक को एक वाहन में भरा जा रहा है। सूचना मिलते ही कोली मौके पर पहुंचे और पाया कि बड़ी मात्रा में डीएपी खाद वाहन में लादा जा रहा था।

जब उन्होंने विक्रेता से इस ढुलाई का कारण पूछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद अधिकारी ने संयुक्त निदेशक, कृषि विस्तार विभाग, जिला परिषद भीलवाड़ा को मामले से अवगत कराया, जिनके निर्देशानुसार तुरंत संपूर्ण डीएपी माल को वाहन से



बिजोलिया : पिकअप में भरे खाद के कट्टे

उतारकर पुनः दुकान में रखवाया गया।

विक्रेता को मौके पर कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

इसी के साथ सभी लाइसेंसधारी खाद विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वितरण की हर गतिविधि पारदर्शी और नियमानुसार होनी चाहिए। बिना दस्तावेज या सूचना के खाद का एक भी कट्टा स्थानांतरित किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## किशन सालवी आत्महत्या मामलाः रायपुर पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में किया पेश, हुई जेल

**दूसरा आरोपी हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक जांच अधिकारी के सामने नहीं हुआ पेश**

**भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर**

कोशीथल के किशन सालवी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिफ्तार दिल्ली निवासी अनिताराज पत्नी सुशील कुमार को रायपुर पुलिस ने 3 दिन के पीसी रिमांड के बाद सोमवार को भीलवाड़ा न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया गया।

उल्लेखनीय है कि कोशीथल के किशन सालवी ने 4 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी, उसने सुसाइड नोट व डायरी लिखी थी, जिसमें दक्षिणी दिल्ली के जुगनपुरा निवासी अनिताराज पत्नी सुशील कुमार व चित्तौड़गढ़ जिले के ओमप्रकाश गर्ग व उसके पुत्र मुकेश गर्ग व चंदन गर्ग पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए थे। इस मामले में रायपुर पुलिस ने 5 फरवरी को एफआईआर दर्ज की थी। हाल ही में 18 जून को प्रार्थी लखन सालवी मृतक के भाई ने जयपुर जाकर डीजीपी व एडीजीपी (अपराध) को परिवाद देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने व मामले की जांच सीआईडी (सीबी) से करने की मांग की थी। उसके बाद 20 जून को पुलिस ने एक आरोपी अनिताराज को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार गोदारा ने बताया कि पीसी रिमांड के दौरान



आरोपी से कड़ी पूछताछ की गई, मृतक द्वारा लगाए गए आरोपों व सबूतों के आधार पर की गई पूछताछ में आरोपी द्वारा किशन को आत्महत्या के लिए मजबूर करना प्रमाणित हुआ, जिस आधार पर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद जांच अधिकारी के सामने नहीं आया दूसरा आरोपी

जानकारी के अनुसार इस मामले में एक अन्य आरोपी ओमप्रकाश गर्ग ने सीआरपीसी की धारा 482 के अंतर्गत एफआईआर को रद्द करने व गिरफ्तारी को रोकने के लिए जोधपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर हाईकोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर स्टे के आदेश देते हुए 9 जून को 11.30 बजे से पहले जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी ओमप्रकाश गर्ग अभी तक न पुलिस थाने में नहीं आया है और ना ही उनके सामने उपस्थित हुआ है।

### यह था मामला - बैंगलोर बुलाकर किशन सालवी के साथ की गई थी ठगी

उल्लेखनीय है कि किशन सालवी ने सुसाइड नोट व डायरी लिखी थी, जिसमें उसने लिखा कि - चित्तौड़गढ़ जिले के नगरी गांव के ओमप्रकाश गर्ग ने उसे बैंगलोर बुलाया। उसने एक व्यवसाय के बारे में बताकर उसमें पैसा लगाने पर तीन गुना फायदा दिलवाने का वादा किया। उस पर विश्वास कर वो 7 लाख से अधिक रुपए एकत्र कर 15 जनवरी 2024 वो बैंगलोर गया। वहां एक होटल में उसे दिल्ली की मंथन संस्थान की कथित सचिव अनिताराज, चित्तौड़गढ़ के ओमप्रकाश गर्ग, दिल्ली के ओमप्रकाश व कपासन के अशोक कुमार मिले। वो 15 जनवरी वे 26 जनवरी 24 तक उनके साथ उस होटल में रुका। इस बीच अनिताराज व ओमप्रकाश गर्ग ने उससे 6 लाख 91 हजार 900 रुपए लिए। ओमप्रकाश व अनिताराज ने उसे बताया था कि 25 जनवरी को डेविड नाम का फाउंडर मुंबई से बड़ी रकम लेकर बैंगलोर आएगा। मगर 25 जनवरी को उन्होंने डेविड का किडनैप हो जाने कहानी बताते हुए कहा कि एयरपोर्ट पुलिस ने डेविड व किडनैपर को पकड़ लिया है और चूंकि डेविड के पास भारी मात्रा में केश मिला है इसलिए पुलिस इंक्वायरी के लिए होटल आने वाली है। उन्होंने सबको भागने को कहा। ओमप्रकाश के कहने पर किशन ने सभी के फ्लाइट के टिकट किए और 26 जनवरी 2024 को सभी अपने घर चले गए। उसके बाद किशन ने अनिताराज व ओमप्रकाश से अपने पैसे मांगें तो दोनों आगे से आगे तारीखें देते रहे। बाद में अनिताराज ने किशन के नंबर ब्लॉक कर दिए और ओमप्रकाश तारीखें देता रहा। 3 फरवरी 2025 को किशन ने ओमप्रकाश गर्ग को कॉल कर कहा कि पैसे दे दो वरना मुझे मरना पड़ेगा, पर इसका ओमप्रकाश पर कोई असर नहीं पड़ा। और अंततः 4 फरवरी को किशन ने पॉइजन पीकर और फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली।

## सूदखोरों पर विधायक मीणा का निशाना, कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप



जहाजपुरः प्रेस वार्ता के दौरान विधायक मीणा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

भीलवाड़ा में उजागर हुए सूदखोरी प्रकरण पर विधायक गोपीचंद मीणा ने कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ÷कांग्रेस शासन में सूदखोरों और सट्टेबाजों को खुली छूट मिली, लेकिन अब भाजपा सरकार ऐसे अपराधियों को नहीं छोड़ेगी। मीणा ने कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के रिश्तेदारों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीबों का खून चूसने वाले अब कानून से नहीं बच पाएंगे। विधायक ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सूदखोरी और सट्टेबाजी के जरिए जिले में अपराध फैलाने वालों पर अब सख्त शिकंजा कसेगा। पत्रकार वार्ता में प्रधान प्रतिनिधि किशोर कुमार शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी अस्पताल में जल्द हो कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों की नियुक्ति

**समाजसेवी रंगरेज ने राज्य सरकार से की तत्काल कार्रवाई की मांग**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले का सबसे बड़ा और प्रमुख शासकीय महात्मा गांधी हॉस्पिटल आज भी हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। इस चिंताजनक स्थिति को लेकर समाजसेवी मोहम्मद हारून रंगरेज ने राज्य सरकार और चिकित्सा विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

**हृदय रोगियों के लिए नहीं है कोई विशेषज्ञ सुविधा**

रंगरेज ने बताया कि भीलवाड़ा सहित राजसमंद, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़ और ब्यावर जैसे आसपास के जिलों के हजारों मरीजों का भरोसा महात्मा गांधी हॉस्पिटल पर टिका है। इसके बावजूद अस्पताल में न तो कार्डियोलॉजिस्ट हैं, न एंजियोग्राफी की सुविधा, और न स्टेंट लगाने की व्यवस्था – यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर एक विडंबना बन चुकी है।

**गरीब मरीजों के लिए जीवन-मौत का सवाल लेकिन सुविधाएं नदारद**

हर साल सैकड़ों गरीब मरीज हृदयाघात (हार्ट अटैक) जैसी गंभीर समस्याओं के साथ एमजीएच पहुंचते हैं, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों और सुविधाओं के अभाव में उन्हें उदयपुर, जयपुर या अहमदाबाद जैसे शहरों में रेफर कर दिया जाता है।

रंगरेज ने बताया कि कई मामलों में मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, जो व्यवस्था की असफलता और मानवीय संवेदनाओं पर गहरा आघात है।

**एमजीएच में कार्डियोलॉजी पर सियासी ब्रेक?**

सूत्रों के अनुसार, महात्मा गांधी अस्पताल में कार्डियोलॉजी यूनिट की स्थापना की योजना कई वर्षों से लंबित है। राजनीतिक खींचतान और प्रभावशाली लोगों की दखलअंदाजी के चलते विशेषज्ञों की नियुक्ति की प्रक्रिया बार-बार बाधित होती रही है।

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि जिले में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में यह लापरवाही जनहित के साथ अन्याय है।

**सरकार से विशेष मांग**

पूर्व राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी सदस्य रहे मोहम्मद हारून रंगरेज ने प्रदेश सरकार, चिकित्सा मंत्री और चिकित्सा विभाग से अपील की है कि महात्मा गांधी हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट की शीघ्र नियुक्ति की जाए, एंजियोग्राफी मशीन और स्टेंट सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एमजीएच को एक पूर्ण विकसित कार्डियोलॉजी यूनिट के रूप में विकसित किया जाए, जिससे समय पर इलाज मिल सके और अमूल्य जीवनों को बचाया जा सके।

# माण्डलगढ़ नगरपालिका के नवनियुक्त अधिवक्ता पैनल ने ग्रहण किया पदभार

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

**केसरीमल मेवाड़ा**

नगर पालिका माण्डलगढ़ में निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के आदेशानुसार नियुक्त किए गए पैनल अधिवक्ताओं/विधि सलाहकारों को सोमवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कराया गया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, अधिशासी अधिकारी तेजभान सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जमनालाल सैन, और कोषाध्यक्ष हीरालाल जीनगर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



माडलगढ़: पदभार ग्रहण के दौरान अधिवक्ता

पदभार ग्रहण करने वाले अधिवक्ताओं में ऋतुराज सिंह राठौड़ एवं बृजमोहन शर्मा शामिल रहे। इन्हें विभागीय निर्देशानुसार नियत फीस का भुगतान नगरपालिका माण्डलगढ़ द्वारा किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिवक्ताओं ने नगरवासियों से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया और प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपड़े की थैलियों के उपयोग पर बल दिया, जिससे पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखा जा सके।

इस अवसर पर नगर के दिलीप कुमार सिंधी, लोकेश बाफना भी मौजूद रहे।

**अरिहंत नगर विस्तार कॉलोनी में नियमों की अनदेखी**

# अवैध गोदामों से बिगड़ रही व्यवस्था, कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर से की कड़ी कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा : जिला कलक्टर को ज्ञापन दें पहुचे कॉलोनीवासी



भीलवाड़ा : भूखंड पर लगे विधुत मीटर के खुले तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नगर विकास न्यास द्वारा विकसित अरिहंत नगर विस्तार कॉलोनी को एक पूर्णतः आवासीय क्षेत्र के रूप में स्वीकृति दी गई थी, लेकिन बीते कुछ समय से यहाँ नियमों की अनदेखी कर अवैध निर्माण और गतिविधियाँ तेजी से बढ़ती जा रही हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह अनियंत्रित विकास अब उनके शांत और सुरक्षित जीवन के लिए गंभीर संकट बन गया है। इसको लेकर कॉलोनीवासियों ने सोमवार को जिला कलक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष को सामूहिक ज्ञापन सौंपा है ।ज्ञापन देते समय सुभाष चंद्र शर्मा, विवेक सक्सेना, राजेंद्र शर्मा, प्रकाश कांकरिया, राहुल मूंदड़ा, अभिमन्यु शर्मा, नीतेश कुमार, रिंकू पारीक, रंजीता जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

### अवैध गोदामों से ट्रैफिक व हादसों की आशंका

कॉलोनीवासियों ने शिकायत में बताया कि कुछ भूखंडों पर नियमों को ताक पर रखकर बिना अनुमति टिनशेड के गोदाम बना दिए गए हैं। इन गोदामों में माल भंडारण की वजह से भारी वाहनों की आवाजाही कॉलोनी की संकरी गलियों में दिन-रात जारी है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है।

बच्चों का बाहर खेलना मुश्किल हो गया है, और हर समय दुर्घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है।

### लुब्रिकेंट ऑयल का भंडारण – 'टाइम बम' जैसे हालात

कॉलोनीवासियों का दावा है कि कॉलोनी में बिना किसी अनुमति के ज्वलनशील लुब्रिकेंट ऑयल का भंडारण किया जा रहा है, जो अग्निसुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है। घनी आबादी के बीच इस तरह का अवैध भंडारण किसी बड़े अग्निकांड को जन्म दे सकता है, जिसे कॉलोनीवासी टाइम बम की उपमा दे रहे हैं।

### 104, 105, 106 नंबर भूखंड बने सिरदर्द

कॉलोनीवासियों द्वारा जिला कलेक्टर को दी गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि भूखंड संख्या 104, 105 और 106 पर विशालकाय टिनशेड गोदाम बना दिए गए हैं।

इन गोदामों की अत्यधिक ऊँचाई और फैलाव की वजह से आसपास के घरों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन बाधित हो गया है। वहीं, खुले पड़े बिजली के तार गंभीर हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं।

### अवैध जल कनेक्शन से सरकारी पानी की चोरी

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि इन गोदामों में बिना स्वीकृति के जल कनेक्शन लिए गए हैं, जिससे एक ओर सरकारी संसाधनों की चोरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर कॉलोनी की जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### "हमें औद्योगिक क्षेत्र में मत बदलो"

कॉलोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने अरिहंत नगर को एक शांत, स्वच्छ और सुरक्षित आवासीय क्षेत्र मानकर अपने सपनों का घर बसाया था। लेकिन अब यह क्षेत्र इंडस्ट्रियल जोन में तब्दील होता जा रहा है।

उनकी स्पष्ट मांग है कि प्रशासन तत्काल सख्त कार्यवाही करे ताकि कॉलोनी का मूल स्वरूप बचाया जा सके। कॉलोनीवासियों ने कॉलोनी में बने सभी अवैध गोदामों की जांच कर उन्हें हटाने , बिना अनुमति बने व्यवसायिक निर्माणों को तत्काल ध्वस्त करने , भविष्य में कोई व्यावसायिक गतिविधि अनुमति नहीं देने , अवैध जल कनेक्शन काटे जाने और दोषियों पर सख्त जुर्माना लगाने , अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग की है ।

# महापौर पाठक ने नगर विकास न्यास पर लगाया बड़ा आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



नगर निगम के महापौर राकेश पाठक ने नगर विकास न्यास पर विकास कार्यों में मनमानी व भेदभाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने न्यास की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और कहा कि नगर निगम के वार्ड नंबर 66, 67 व 68 की बात है, जहां पट्टे यूआईटी बनाती है, लेकिन विकास के लिए जनता को नगर निगम के भरोसे छोड़ देती है।

महापौर पाठक ने मीडिया से बातचीत में कहा, ÷हम भी यूआईटी के भरोसे तो जनता को नहीं छोड़ सकते, क्योंकि हमारे पार्षद वहां से वोट लेकर आए है। नगर निगम ने अपनी क्षमता के अनुसार रोड, नाली बनाए, लेकिन इन क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा यूआईटी में चला जाता है। पट्टे बनाने के पैसे (राजस्व) यूआईटी लेता है, भू-उपयोग परिवर्तन के पैसे भी यूआईटी लेता है।÷

उन्होंने आरोप लगाया कि यूआईटी प्राइवेट कॉलोनाइजर के यहां बड़ी बड़ी सड़के बना देगी, लेकिन जहां कच्ची बस्ती में जनता रहती है, वहां के लोग, वहां के पार्षद जा-जाकर अपनी चप्पलें घिसा देते हैं। वहां यूआईटी काम नहीं कराती। पाठक ने कहा कि जरूरत पड़ी तो उनकी नाराजगी और बढ़ेगी।

यह मामला भीलवाड़ा नगर निगम और यूआईटी के बीच विकास कार्यों को लेकर चल रहे विवाद को इंगित करता है। महापौर पाठक के आरोपों से यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम और यूआईटी के बीच समन्वय की कमी है, जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपाइयों ने मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि



जहाजपुर : मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल जहाजपुर द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया ।

इस दौरान विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान किशोर शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष भैरूलाल टाक,राकेश पत्रिया, दिनेश पत्रिया, पालिका अध्यक्ष नरेश मीणा , उपाध्यक्ष प्रमेन्द्र सुवालका, दानमल जेन ,पार्षद सत्यनारायण मीणा मोहन सिंह जी, दीपक मीणा लव सिंह, राजकुमार माली ,पंकज घारू केलाश टेपण, रणवीर सिंह , एडवोकेट कमल गॉड, नीरज शर्मा ,नारायण शर्मा भूरालाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने की भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से रेल सेवा प्रारंभ करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

(पंकज पोरवाल)। राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने जिला सरक्षक हेमंत कोठारी, जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब, संयोजक लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से रेल सेवा प्रारंभ करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में अजमेर से वाया भीलवाड़ा होकर चलने वाली ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की गई। सांसद ने आश्वासन दिया कि वे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर शीघ्र ही भीलवाड़ा से मुंबई नियमित रूप से ट्रेन प्रारंभ करवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। ज्ञापन के बाद भीलवाड़ा जिले में दो मेजर डिस्टिक रोड के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण हेतु 100 करोड़ की राशि स्वीकृत कराकर भीलवाड़ा जिले के लिए बड़ी सौगात दिलाने के लिए सांसद अग्रवाल का राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा शाल, माला एवं अर्पणा से सांसद कार्यालय में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के जिला महामंत्री मुकेश मेडतवाल, जिला उपाध्यक्ष प्राचीर समदानी, ललित बोहरा, विनोद सुखवाल, जिला सचिव अभिषेक पोखरना, सहसचिव सुशील लोढ़ा, अभिषेक चंडालिया, ललित लोढ़ा, राजेश बाफना, अजीत खींचा, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, गिरिराज लढ़ा, अमित व्यास उपस्थित रहे ।



QUICK BITES

## जिले में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा' के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल का गठन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्व विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा'' के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित होने वाले शिविरों की निगरानी एवं समन्वय के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया है। गठित मॉनिटरिंग सेल में प्रभारी अधिकारी (भू.अ.) दिव्यराज सिंह चुंडावत को जिम्मेदारी दी गई है। इनके साथ अधिशासी अभियंता जिला परिषद रामलाल भील, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग से नवनीत सोमानी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी ईशांत काबरा, भू-अभिलेख निरीक्षक नारायणलाल गुर्जर एवं रंगलाल बलाई, अतिरिक्त विकास अधिकारी संजय कुमार शर्मा तथा सहायक विकास अधिकारी ललित कुमार काबरा को शामिल किया गया है। मॉनिटरिंग सेल के कार्यों में प्रमुख रूप से यह सुनिश्चित करना शामिल है कि सभी शिविरों की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रभारी अधिकारी के माध्यम से दर्ज हो और जिले के मुख्यालय तक नियमित रूप से भेजी जाए। शिविरों से संबंधित समस्त सूचनाओं को संकलित कर समय पर फीडबैक भेजना तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर नजर बनाए रखना भी मॉनिटरिंग सेल का उत्तरदायित्व रहेगा।

**24 जून से 9 जुलाई तक अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा**

## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, शिविरों की सघन मॉनिटरिंग के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसको लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जिला व ब्लॉक अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

पखवाड़े में हर पंचायत समिति क्षेत्र में प्रतिदिन 2-3 शिविर लगेंगे। राजस्व, पंचायत, कृषि, स्वास्थ्य, जलदाय, पशुपालन, शिक्षा सहित 24 विभागों की 60+ सेवाएं आमजन को एक ही जगह मिलेंगी।

कलेक्टर ने कहा कि गरीबी मुक्त गांव योजना, स्वामित्व पट्टे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आधार सीडिंग, सीमाज्ञान, अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

शिविरों की मॉनिटरिंग रोज़ाना पोर्टल पर होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को फील्ड में रहकर आमजन को राहत दिलाने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम ओमप्रकाश मेहरा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस व आपातकाल काला दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा पार्टी कार्यालय परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं आपातकाल काला दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा ने की।

गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा और उनके अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही 25 जून 1975 को देश में लागू किए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताते हुए, उस दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी नेताओं को नमन किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा ने अपने संबोधन में कहा कि ÷डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हमें उनके विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। गोष्ठी में भाजपा नेता शिव चंद्रवाल, सुनील जोशी, देवेंद्र लखारा, पंकज जैन, कमलेश कोली, बिट्ठल तिवाड़ी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संगम विश्वविद्यालय और आर्कगेट उदयपुर के बीच एमओयू

## छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप और प्लेसमेंट का लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा और आईटी सेवा कंपनी आर्क गेट उदयपुर के बीच समझौता (एमओयु) पर हस्ताक्षर किए गए। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना ने बताया की इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग आधारित इंटर्नशिप, शैक्षणिक भ्रमण, कौशल आधारित ट्रेनिंग, तकनिकी ज्ञान, विशेषज्ञ सत्र एवं प्लेसमेंट अवसर प्रदान करना हे। प्रो वीसी डॉ मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया की इस तरह की पहल से विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि वे 'इंडस्ट्री रेडी' भी बनेंगे। प्रोजेक्ट्स और विशेषज्ञ सेशंस की व्यवस्था से छात्रों के आत्मविश्वास एवं तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। आर्कगेट का सहयोग प्रशंसनीय है। रजिस्ट्रार डॉ राजीव मेहता ने इस सहयोग को छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मील का पत्थर मानते हैं और इस अवसर के लिए आर्कगेट का धन्यवाद करते हैं। कंपनी के ह्यूमन रिसोर्स प्रमुख दक्ष भटनागर ने बताया कि युवा प्रतिभाएं राष्ट्र का भविष्य हैं। संगम विवि के साथ यह साझेदारी हमें नई टेक्नोलॉजी साझा करने और प्रतिभाओं को विकसित करने का अवसर देगी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ अनुराग शर्मा ने बताया की समझौता ज्ञापन पर संगम विवि के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना एवं आर्क गेट के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर दक्ष भटनागर ने हस्ताक्षर किये। यह एमओयु छात्रों, विश्वविद्यालय और उद्योग क्षेत्र के लिए सभी हितों को एक साथ संजोने वाला एक सुव्यवस्थित दस्तावेज है। यह शिक्षा, अनुसंधान, कौशल व रोजगार को जोड़ता है और छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव, कुशल तकनीकी प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक प्लेसमेंट अवसर देता है। इस अवसर पर विवि की और से अतुल पाराशर, डॉ रवि खटवाल तथा कंपनी की और से मनीष जोशी एवं संगीता उपस्थित रहे।

# बिजौलिया ब्लॉक कांग्रेस संगठन को लेकर बांरा पहुंचे कार्यकर्ता, डोटासरा से की मुलाक़ात

## संगठन की कमजोरी और भाजपा से जुगलबंदी पर जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



बिजौलिया: कांग्रेस प्रदेश से मुलाक़ात करते बिजोलिया के कार्यकर्ता

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बांरा पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टिकाराम जूली से मुलाकात कर बिजौलिया ब्लॉक कांग्रेस संगठन की बिगड़ती स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई है । कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष का पद लंबे समय से रिक्त है, जिससे न सिर्फ संगठनात्मक गतिविधियां ठप हो गई हैं बल्कि क्षेत्र में पार्टी की राजनीतिक साख को भी गहरा नुकसान हो रहा है।

कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि संगठन के कुछ चेहरे भाजपा नेताओं से सांठगांठ कर संगठन को भीतर से कमजोर कर रहे हैं। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की सक्रियता लगभग शून्य हो चुकी है।

मुलाकात के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोटासरा से स्पष्ट मांग की है की ऐसे कर्मठ और ईमानदार कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाए, जो पार्टी के लिए निष्ठा से काम करें और जमीन पर कांग्रेस की आवाज़ को फिर से बुलंद करें। इस पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आश्वासन दिया कि संगठन की समीक्षा कर जल्द ही बिजौलिया ब्लॉक में नई नियुक्तियां की जाएंगी और ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी जो पार्टी को मजबूती दे सकें। मुलाकात के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस तूफान यादव , पूर्व सरपंच जलिंद्रि विजय तिवारी , ब्लॉक उपाध्यक्ष कमलेश सेन, युवा नेता संजय मालवीय , फूल सिंह यादव , सुनील कुमार एवं कई ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग बरत रहा है पूर्ण सतर्कता

## बारिश के मौसम में सतर्कता आवश्यकः सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा





**(पंकज पोरवाल)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने मानसून के दृष्टिगत जिलेभर में स्वास्थ्य सतर्कता बरतने और मच्छरजनित एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिसे लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग पूर्ण सतर्कता बरत रहा है। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक रविवार ड्राई डे के दौरान फील्ड में नियमित रूप से की जा रही एंटी लार्वा गतिविधियां संपादित करने मे तेजी लाये, जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण रखें तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। साथ ही, स्थानीय निकायों के समन्वय से फॉगिंग और लार्वा रोधी गतिविधियों को गति देने के निर्देश भी दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि मौसमी बीमारियों के त्वरित उपचार के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों को पहले से ही अलर्ट किया गया है। फील्ड में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार एंटीलारवल गतिविधियां संपादित की जा रही है, जिला व ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापित किये गये है। अस्पतालों में दवाओं, जांच किट्स तथा चिकित्सकों की शिफ्टवार ड्यूटी की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा। किसी भी तरह की जानकारी देने या मौसमी बीमारियों से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने हेतु कंट्रोल रूम पर संपर्क किया जा सकता है। डॉ. गोस्वामी ने आमजन से अपील की है कि मौसमी बीमारी से संबंधित कोई भी लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार प्राप्त करें। स्वच्छता, पानी की सही निकासी और मच्छर से बचाव के उपाय अपनाकर ही संक्रमण से बचा जा सकता है।

# भीलवाड़ा को मिलेगा नया रेलवे ओवरब्रिज, सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयास लाए रंग

## रामधाम क्षेत्र में रेलवे अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण, जल्द मिलेगी स्वीकृति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहरवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सांसद दामोदर अग्रवाल के निरंतर प्रयासों से भीलवाड़ा शहर को जल्द ही एक नया रेलवे ओवरब्रिज मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। सोमवार को केंद्र सरकार के रेलवे बोर्ड की ब्रिज कमेटी के निर्देश पर रामधाम क्षेत्र में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया गया। रेलवे बोर्ड ब्रिज कमेटी के निदेशक अनुपम के निर्देशानुसार निरीक्षण टीम में सिविल सर्विसेज इंजीनियर जगन्नाथ, एसएसई सिविल राजेन्द्र पाल, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, सार्वजनिक



भीलवाड़ा : रामधाम क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सांसद एवं अन्य

निर्माण विभाग, नगर विकास प्रन्यास व नगर निगम के अधिकारी शामिल रहे।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए सांसद अग्रवाल लंबे समय से रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर प्रयासरत थे। अब उनके प्रयासों को दिशा मिल रही है।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि रेलवे बोर्ड की केंद्रीय ब्रिज कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को रामधाम क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज स्थल का निरीक्षण कर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की गई है। 25 जून को दिल्ली में होने वाली रेलवे की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में इस प्रस्तावित ओवरब्रिज की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि– हमारा प्रयास रहेगा कि इस ब्रिज को शीघ्र अनुमोदन मिल जाए, ताकि भीलवाड़ा को ट्रैफिक राहत देने वाला यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर उतर सके।

### सेवादल जिला कांग्रेस की बैठक सम्पन्न, संगठन को मजबूत करने पर जोर

# प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला और जिला प्रभारी अविकुल शर्मा ने किया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कांग्रेस सेवादल जिला संगठन की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने की। बैठक में संगठन विस्तार, प्रशिक्षण शिविर और आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

बैठक को सेवादल कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी मोहन हटेला ने संबोधित करते हुए सेवादल के भावी प्रशिक्षण कैम्पों और कार्य योजनाओं की रूपरेखा साझा की। उन्होंने जिला कार्यकारिणी के शीघ्र गठन के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर भीलवाड़ा जिला प्रभारी अविकुल शर्मा ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि सेवादल पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सबसे अहम भूमिका निभाता है।

### संविधान कांग्रेस की रीढ़ - त्रिपाठी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि संविधान कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है और सेवादल इस विचारधारा का संवाहक है। उन्होंने सेवादल को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। बैठक का संचालन जिला महासचिव संदीप टेलर ने किया जबकि अंत में सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी ने आभार जताया।

### वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, पूर्व अध्यक्ष मनोज पालीवाल, प्रदेश सेवादल सदस्य विनोद कसारा, खेमराज पनवा, गुडविन मसीह, कुंदन शर्मा, शिवराज सुराणा, चंद्रप्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल धोलपुरिया, माण्डलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सलाम रंगरेज, विधानसभा अध्यक्ष सत्यनारायण सालवी, सुरेश बंब, कय्यूम लुहार, महावीर व्यास, सत्तू भाभी, भेरूलाल सेन, मोहम्मद हारून, असलम, रतन तेली, राहुल भोमलिया, सुनील गोयल, विनोद रोलानिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया संयोजकों से किया वर्चुअल संवाद

## मीडिया विभाग पार्टी की आंख, नाक और कान की तरह कार्य करे" – मदन राठौड़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीडिया विभाग के प्रदेश, संभाग और जिला संयोजकों से वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा का मीडिया विभाग पार्टी के लिए आंख, नाक और कान की तरह है, जो सतत सक्रिय रहकर विपक्ष के झूठे नैरेटिव का मुकाबला करने और जनता तक सही तथ्यों को पहुँचाने का कार्य करता है।

वर्चुअल बैठक में मीडिया विभाग के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित राज्यभर के मीडिया संयोजक शामिल हुए। भीलवाड़ा जिले से जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने सीधा संवाद किया।

### विपक्ष के झूठे नैरेटिव के खिलाफ तत्परता से काम करने की जरूरत

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि विपक्ष भ्रामकता फैलाने में जुटा है, ऐसे में मीडिया विभाग की ज़िम्मेदारी है कि वह तथ्यों के आधार पर सच्चाई को सामने लाए। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा मर्यादित और सटीक होनी चाहिए। हल्के शब्दों से परहेज़ करें, क्योंकि भाषा ही छवि बनाती और बिगाड़ती है।÷




राठौड़ ने जोर देते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रमों, बैठकों और गतिविधियों की कवरेज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सटीक और प्रभावी होनी चाहिए। मीडिया संयोजकों को पत्रकार साथियों से निरंतर समन्वय और संवाद बनाए रखना चाहिए।

### कार्यकर्ताओं को दी गई जागरूकता और सक्रियता से काम करने की सीख

मीडिया विभाग के प्रदेश प्रभारी पिंकेश पोरवाल ने कहा कि मीडिया कार्यकर्ता केवल प्रचारक नहीं, बल्कि समस्या समाधानकर्ता भी हैं। उन्हें जन समस्याओं को जिम्मेदारी से उठाना चाहिए और संवाद के जरिए हल भी तलाशना चाहिए।

प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने कहा कि पार्टी की सभी गतिविधियों को मीडिया तक पहुँचाना, मीडिया से सकारात्मक संपर्क बनाए रखना और पार्टी के दृष्टिकोण को उजागर करना मीडिया विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने कहा कि समाचारों की समीक्षा कर पॉजिटिव-नेगेटिव रिपोर्टिंग को प्रदेश कार्यालय तक पहुंचाना एक जरूरी प्रक्रिया है, जिससे संगठन अपनी रणनीति तय कर सके।÷

### बैठक में रखे गए सुझाव व संवाद पर रहा ज़ोर

वर्चुअल बैठक में प्रदेश, संभाग और जिला स्तर के सभी मीडिया संयोजकों ने भाग लिया। बैठक में संगठनात्मक संवाद को और बेहतर करने, कार्यक्रमों की प्रभावी कवरेज, सोशल मीडिया की भूमिका, और सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा की गई

## QUICK BITES

# नई मुस्कान सेवा संस्थान ने कराया नशा मुक्ति संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नशा मुक्ति अभियान के तहत नई मुस्कान सेवा संस्थान के सहयोग से सिद्धार्थ कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। काउंसलर अमित पांडे ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज में जागरूकता फैलाएंगे।

कार्यक्रम में गोपाल प्रजापत, चांदनी संमतानी, दीपक नामा सहित संस्थान से बुद्धि प्रकाश पहाड़िया, किशोर सेन, अमित पांडे व दिलखुश मीणा उपस्थित रहे।

# पांडू नाले की पुलिया चौड़ी होगी, अंडरब्रिज समस्याओं के स्थायी समाधान के निर्देश

## विधायक अशोक कोठारी ने किया शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



विधायक अशोक कोठारी ने सोमवार सुबह नगर विकास न्यास, नगर निगम और सीवरेज विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख अंडरब्रिज, नालों और सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्थायी समाधान के लिए सख्त निर्देश दिए।

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि सुखाड़िया सर्कल से 100 फीट रोड की ओर जाने वाले रेलवे अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या को लेकर विधायक कोठारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक तकनीक से स्थायी समाधान के निर्देश देते हुए तय समय में कार्य पूर्ण करने को कहा।

इसके बाद बायस्कोप के सामने अंडरब्रिज, शिवम ग्रीन, श्री बाबा धाम रोड, गायत्री आश्रम रोड और यूआईटी अंडरब्रिज का भी निरीक्षण किया गया। अंडरब्रिज में जलभराव, सीवरेज, पेयजल, टीन शेड और सफाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर अधिकारियों को मौके पर दिशा-निर्देश दिए गए।

### पांडू नाले की पुलिया की चौड़ाई बढ़ेगी

विधायक कोठारी ने पांडू नाले के पास सड़क के अवरुद्ध हिस्से पर गिट्टी डालकर समतलीकरण, तथा नाले से जोड़ने वाली पुलिया की चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए। महापौर राकेश पाठक ने अवगत कराया कि नगर निगम द्वारा पुलिया निर्माण का टेंडर जारी हो चुका है और जल्द ही आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी।

### रूकमणि कॉलोनी और अन्य क्षेत्रों का भी दौरा

रूकमणि कॉलोनी में जल निकासी की समस्या पर अधिकारियों को स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। यूआईटी के पास अंडरब्रिज पर टीन शेड लगाने की मांग पर भी महापौर ने सकारात्मक आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान महापौर राकेश पाठक, आयुक्त हेमाराम चौधरी, न्यास के अधिशासी अभियंता कृष्ण गोपाल नागर, सीवरेज प्रोजेक्ट इंचार्ज वेंकट नरसिया, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890